बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-157
05/04/2020

मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को महावीर जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएँ दी

पटना, 05 अप्रैल 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर भगवान महावीर को नमन करते हुये राज्यवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान महावीर का संदेश सत्य और अहिंसा का है। हम सब भगवान महावीर के बताये मार्ग अहिंसा को अपनाने का संकल्प लें। सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर राज्य एवं देश में शान्ति, सद्भाव एवं विश्वास के रिश्ते को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर की जयंती को निरामिष दिवस के रूप में मनायें।

वर्तमान में कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुये प्रत्येक व्यक्ति का सचेत रहना नितान्त आवश्यक है। इसका सबसे अच्छा उपाय सोशल डिस्टेंसिंग है। आप सब लोग घर के अंदर रहें, आपके सहयोग से ही इस महामारी से निपटने में सफलता मिलेगी।

******